1/04/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है ताकि देश पर वैश्विक कारकों का ज्यादा प्रभाव न पड़े। मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 90 साल पूरे होने के स्मृति समारोह में बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय बैंकिंग क्षेत्र का परिवर्तन एक केस स्टडी है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा उठाए गए कदमों के कारण बैंकिंग क्षेत्र लाभदायक हो गया है और ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने कहा, सरकार ने पीएसयू बैंकों के पुनरुद्धार के लिए उनमें 3.5 लाख करोड़ रुपये की पूंजी डाली। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए), जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थी, पिछले साल सितंबर तक गिरकर 3 प्रतिशत से भी कम हो गई।

0000000000000000000

ओडिशा का राज्य स्थापना दिवस आज राजभवन, ईटानगर में मनाया गया। उत्सव में भाग लेते हुए, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाईक ने ओडिशा के लोगों को उनके राज्य स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए अरुणाचल प्रदेश की और से शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के राज्य दिवस का जश्न एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जो अरुणाचल प्रदेश में वहा के काम करने वाले लोगों के साथ बातचीत करने, उनकी उपलब्धियों, चुनौतियों और अरुणाचल प्रदेश को विकास

और प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सुझावों को जानने के अवसर प्रदान करते है। राज्यपाल ने कहा कि ओडिशा के लोग अरुणाचल प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण भागीदार रहे हैं। उन्होंने उनके प्रति आभार जताते हुए आशा व्यक्त की कि राज्य की सद्भावना बनी रहेगी और 'विकसित अरुणाचल' बनाने में उनका योगदान मिलता रहेगा।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की 18वीं लोकसभा और 11वीं राज्य विधानसभा के लिए एक साथ होने वाले चुनावों के लिए, वेस्ट सियांग जिले के सभी तीन विधानसभा क्षेत्रों - लिरोमोबा, आलो ईस्ट और आलो वेस्ट के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के रैंडमाइजेशन का दूसरा चरण अरुणाचल वेस्ट संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 33 विधानसभा क्षेत्रों में गत रविवार को आलो में आयोजित किया गया। ईवीएम के रैंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी मामू हागे की देखरेख में सामान्य पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक, व्यय पर्यवेक्षक, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और उनके एजेंटों सहित अन्य की उपस्थिति में किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित सभी राजनीतिक दलों को रैंडमाइजेशन के बाद मतदान केंद्रों को आवंटित सभी ईवीएम की सूची सौंपी गई।

0000000000000000000

नारी-कोयू विधानसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक दिलीप रौतराई ने चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों से स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "कुछ मतदान केंद्रों पर हमारे सामने कुछ भौगोलिक चुनौतियां हैं, लेकिन हमें उससे पार पाना है और साथ ही राज्य में न्यूनतम चुनावी हिंसा के रिकॉर्ड को बनाए रखना है।"

श्री रौतराई रविवार को लिकाबाली में चुनाव अधिकारियों और लिकाबाली और नारी-कोयू विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों और उनके एजेंटों की एक संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों के व्यय पर्यवेक्षक, रोहित कुमार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और सहायक चुनाव पर जोर दिया।

0000000000000000000

पापुम पारे जिला मजिस्ट्रेट जिकेन बोमजेन ने जिले में फायर आर्म जमा करने के "बहुत खराब" प्रतिशत को ध्यान में रखते हुए, रविवार को "अंतिम" नोटिस जारी कर आर्म लाइसेंस धारकों को एक सप्ताह के भीतर अपने फायर आर्म को अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में जमा करने के निर्देश जारी किए। जिला मजिस्ट्रेट ने चेतावनी दी कि सात दिनों के भीतर इस अंतिम कॉल का पालन करने में विफलता पर बिना किसी नोटिस के फायर आर्म लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

0000000000000000000

पासीघाट स्थित महिला समूह, वीमेन अगेंस्ट सोशल एविल्स WASE ने स्थानीय प्रशासन, सीबीओ (समुदाय आधारित संगठन), सभी राजनीतिक दलों और नेताओं से चुनाव के दौरान शराब, विशेष रूप से भारतीय निर्मित विदेशी शराब के मुफ्त वितरण को रोकने की अपील की है। शराब मुक्त चुनाव के लिए अपनी अपील को दोहराते हुए, WASE ने एक बयान में कहा कि चुनावों के दौरान शराब, विशेष रूप से आईएमएफएल का मुफ्त वितरण कई युवाओं के जीवन को नष्ट कर देता है, जो चुनाव प्रचार के दौरान नियमित रूप से शराब पीने के बाद इसके आदी हो जाते हैं।

WASE के अध्यक्ष यामिक दुलोम दारांग ने कहा, उन्होंने 2011 में ही जागरूकता अभियान शुरू कर दिया था और संबंधित अधिकारियों और राजनीतिक दलों और नेताओं से चुनाव के दौरान शराब के मुफ्त वितरण से बचने की अपील कर रहे हैं।

0000000000000000000

मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार तक पूर्वोत्तर भारत में गरज के साथ तेज बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। अगले दो से तीन दिनों तक अरूणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में तेज बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। इस महीने की पांच तारीख तक दो पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकते हैं।

0000000000000000000